





# गेंदबाजों और अभिषेक की आंधी

## भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 7 विकेट से पराजित किया

**धर्मशाला 14 दिसम्बर.** भारत ने तीसरे टी20 मैच में दक्षिण अफ्रीका को 7 विकेट से हरा दिया है. धर्मशाला में खेले गए इस मैच में टीम इंडिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी थी. भारतीय गेंदबाजों ने दक्षिण अफ्रीकी टीम को 117 रनों पर ऑलआउट कर दिया. इसके जवाब में भारतीय बल्लेबाजों ने 25 गेंद शेष रहते लक्ष्य को हासिल कर लिया. इसी के साथ पांच मैचों की टी20 सीरीज में भारत 2-1 से आगे निकल गया है.


▸ **टीम इंडिया ने सीरीज में 2-1 की बढ़त बनाई**

118 रनों के लक्ष्य का पीछा करने आई टीम इंडिया को अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल ने तेजतर्रार शुरुआत दिलाई थी. गिल-अभिषेक ने मिलकर 5 ओवर में भारत को 60 रनों पर पहुंचा दिया था. अभिषेक बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में एडन मार्करम को कैच थमा बैठे. उन्होंने 18 गेंद में 35 रन बनाए, जिसमें उनके बल्ले से 3 छक्के और 3 चौके निकले. अभिषेक शर्मा जब आउट हुए, तब 5.2 ओवरों में भारत 60 रन बना चुका था. उसके बाद भारतीय बल्लेबाजों ने कछुए की चाल जैसे रन बनाए. पहले 5 ओवरों में टीम इंडिया 12 के रन रेट से स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ा रही थी. अगले 40 रन बनाने यानी 60-100 रन तक पहुंचने के लिए भारतीय बल्लेबाजों ने 53 गेंद खेलीं. टी20 टीम के उपकप्तान शुभमन गिल ने मैच में 28 रन बनाए, लेकिन इसके लिए उन्होंने 28 गेंद भी खेलीं. 18 पारियों के बाद भी शुभमन गिल का टी20 में अर्धशतक का इंतजार जारी है. दूसरी ओर कप्तान सूर्यकुमार यादव एक बार फिर 10 रन के पार पहुंचे, लेकिन इस बार भी उनके बल्ले से बड़ी पारी नहीं निकल पाई. सूर्या 12 रन बनाकर आउट हो गए.

> धर्मशाला में पहले भारतीय गेंदबाजों ने कहर बरपाते हुए दक्षिण अफ्रीकी टीम को 117 रन पर समेट दिया था. अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव ने दो-दो विकेट लिए. हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे भी एक-एक विकेट लेने में कामयाब रहे. इस मैच में हार्दिक पांड्या ने अपने टी20 करियर में बतौर गेंदबाज 100 विकेट पूरे कर लिए हैं.

### राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप


# अमन और अंतिम ने जीते स्वर्ण



**अहमदाबाद 14 दिसंबर.** ओलंपिक पदक विजेता अमन सहरावत और विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता अंतिम पंघाल ने राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप 2025 के अपने-अपने फाइनल मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक जीते।

पेरिस ओलंपिक 2024 के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत अपने पसंदीदा 57 किग्रा की बजाय 61किग्रा पुरुषों के फ्रीस्टाइल डिवीजन में मुकाबला करते हुए यह पदक जीता। वह राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए वजन कम करने से बचना चाहते थे। वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शनिवार को मुकाबला करते हुए अमन सहरावत ने शनिवार को फाइनल में निखिल को 10-0 से हराकर पुरुषों का 61 किग्राम का खिताब जीता। इससे पहले, अमन ने पहले राउंड में अधित नारायण को 12-1 से हराया और फिर क्वार्टर-फाइनल में ललित को 10-0 से हराया, जबकि उनकी दाहिनी आंख के ऊपर गहरा कट लग गया था। इसके बाद ओलंपिक मेडलिस्ट ने पट्टी बंधी और खून बहती भौंह के साथ मुकाबला जारी रखा और 2-0 की कमी को पूरा करते हुए सेमीफाइनल में अनुज कुमार को 13-2 से हराया।

> दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता अंतिम पंघाल ने भी 53 किग्रा वर्ग के बजाय 55 किग्रा वर्ग में मुकाबला करने का फैसला किया. फाइनल में ज्योति को 5-0 से हराकर खिताब जीता।



## बिग बैश लीग के डेब्यू मैच में बाबर फ्लॉप

**नई दिल्ली 14 दिसम्बर.** बाबर आजम ने आज बिग बैश लीग में डेब्यू मैच खेला, लेकिन वह फ्लॉप रहे. सिडनी सिक्सर्स के लिए ओपन करने वाले बाबर सिर्फ 2 रन बनाकर आउट हो गए. उन्होंने 5 गेंदें खेली, अन्य 2 गेंदों में भी वह बाल-बाल बचे थे. उनकी टीम भी ये मुकाबला हार गई. पर्थ स्कोचर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था. सिडनी सिक्सर्स के लिए डेनिएल ह्यूज और बाबर आजम ने पारी की शुरुआत की. सिडनी की शुरुआत अच्छी नहीं हुई, ह्यूज आरोन हार्डी की गेंद पर पहले ही ओवर में आउट हो गए. वह खाता भी नहीं खोल पाए,

# यशस्वी का शतक, मुम्बई ने हरियाणा को हराया



**अंबी , 14 दिसंबर** यशस्वी जायसवाल (101) और सरफराज खान (64) की आतिशी बल्लेबाजी की बदौलत मुम्बई ने रविवार को सैयद मुश्ताक अली ग्रुप ए मुकाबले में हरियाणा को 15 गेंदे शेष रहते चार विकेट से शिकस्त दी।

आज यहां मुम्बई ने टॉस जीतकर कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी हरियाणा ने निर्धारित 20 ओवरों में तीन विकेट पर 234 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। अर्श राणा और कप्तान अंकित कुमार की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए हरियाणा के लिए पहले विकेट के लिए 61 रन जोड़े। सातवें ओवर में साईराज पाटिल ने अर्श राणा (26) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। अंकित कुमार ने 42 गेंदों में 10 चौके और छह छक्के उड़ाते हुए 89 रनों की पारी खेली।

**17 .3 ओवर में मैच जीता**

इसके बाद 235 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुम्बई के लिए यशस्वी जायसवाल और अजिंक्य रहाणे की जोड़ी आतिशी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 3 .1 ओवर में अभी 53 रन जोड़े थे कि इशांत भारद्वाज ने अजिंक्य रहाणे 10 गेंदों में (21) को अपना शिकार बना लिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये सरफराज खान ने यशस्वी जायसवाल के साथ ताबड़तोड़ बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 9 .2 ओवर में स्कोर 141 पहुंचा दिया। सरफराज खा ने 25 गेंदों में नौ चौके और तीन छक्के लगाते हुए 64 रन बनाये। मुम्बई ने 17 .3 ओवर में छह विकेट पर 238 रन बनाकर मुकाबला चार विकेट से जीत लिया।

### एक नजर में



#### टीम इंडिया ने पाकिस्तान को 90 रनों से रौंदा

**दुबई.** भारत ने पाकिस्तान को 90 रनों से बुरी तरह रौंद दिया है. मेंस अंडर-19 एशिया कप का यह मैच दुबई में खेला गया, जिसमें टीम इंडिया ने पहले खेलते हुए 240 रन बनाए थे. इसके जवाब में पाकिस्तान की पूरी टीम 150 रनों पर सिमट गई. इस जीत के साथ भारत ने सेमीफाइनल में अपनी जगह लगभग सुनिश्चित कर ली है. गेंदबाजी में भारत के दीपेश देवेन्द्रन ने जमकर कहर बरपाया, जिन्होंने 3 विकेट लिए. टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला पाकिस्तान टीम पर उल्टा पड़ा. भारतीय टीम ने आरोन जॉर्ज के 85 रनों की बदौलत 240 रनों का स्कोर बनाया. हालांकि टीम इंडिया भी पूरे 50 ओवर नहीं खेल पाई थी. वैभव सूर्यवंशी केवल 5 रन बना पाए, वहीं कप्तान आयुष म्हात्रे भी 38 रनों को बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर पाए. 241 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान टीम का शुरू से ही बुरा हाल रहा. दीपेश देवेन्द्रन ने अकेले ही पाक टीम के टॉप ऑर्डर को झकझोर कर रख दिया. देखते ही देखते पाकिस्तान ने 30 रन तक पहुंचने में ही 4 विकेट खो दिए थे. कप्तान फरहान यूसुफ कुछ देर क्रीज पर टिके रहे, लेकिन 23 रन बनाकर आउट हो गए. उन्होंने हुजैफा अशान के साथ मिलकर 47 रन जोड़े. अशान ने 70 रनों की पारी खेली, लेकिन पाक टीम की जीत सुनिश्चित नहीं कर पाए. पाकिस्तान ने अपने आखिरी 4 विकेट 21 रनों के भीतर खो दिए.

#### नौसेना की हाफ मैराथन में 7,000 से अधिक दौड़े

**चेन्नई.** भारतीय नौसेना की हाफ मैराथन में रविवार को यहां 7,000 से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया। यह मैराथन नशामुक्त भारत, आदिशक्ति के बारे में जागरुकता फैलाने और ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ खड़े होने के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें धावकों ने गति, धैर्य और जोश दिखाया। इस मैराथन में तीन कैटेगरी थीं- 21 .1 किमी अड्यार रन, हिम्मत की असली परीक्षा के लिए-10 किमी परुंडु रन, जो धावक की गति को चुनौती देता है और उसकी सीमाओं को आगे बढ़ाता है और 3 .5 किमी पल्लव रन-दौड़ने, फिटनेस और समुदाय की खुशी में शामिल होने के लिए.

#### हैदराबाद ने राजस्थान को छह विकेट से हराया

**अंबी.** चामा मिलिंद और तनय त्यागराजन (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद तन्मय अग्रवाल (73) और राहुल बुद्धि (55) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर हैदरबाद ने रविवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 के सुपर लीग ग्रुप ए मुकाबले में राजस्थान को 17 गेंदें शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। आज यहां राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 178 रन का स्कोर खड़ा किया। राजस्थान की शुरुआत खबरा रही और उसने 19 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये। इसके बाद महिपाल लोमरोर और कुणाल सिंह राठौड़ ने पारी को संभलाने का प्रयास किया। कप्तान मानव सुथार पांच गेंदों में 12 रन बनाकर नाबाद रहे। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद ने 17 .1 ओवर में चार विकेट पर 179 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। तन्मय अग्रवाल ने 41 गेंदों में चार छक्के और आठ चौके लगाते हुए 73 रनों की विस्फोटक पारी खेली। राहुल बुद्धि ने 36 गेंदों में छह चौके और दो छक्के लगाते हुए 55 रन बनाये।

#### आंध्र ने पंजाब को पांच विकेट से हराया

**पुणे.** हेमंत रेड्डी (नाबाद 109) और एसडीएनवी प्रसाद (नाबाद 53) की आतिशी बल्लेबाजी के दम पर आंध्र प्रदेश ने रविवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 के सुपर लीग ग्रुप मुकाबले में पंजाब को एक गेंद शेष रहते पांच विकेट से हरा दिया। आज यहां टॉस जीतकर आंध्रप्रदेश ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 205 रनों का स्कोर खड़ा किया। कप्तान प्रभसिमरन सिंह 16 गेंदों में (20), हरनूर सिंह 30 गेंदों में (42), अनमोलप्रीत सिंह 27 गेंदों में (47), और रमनदीप सिंह 18 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए (43) रनों का योगदान दिया। सलील अरोड़ा ने 22 गेंदों में पांच छक्के उड़ाते हुए नाबाद 42 रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी आंध्रप्रदेश की शुरुआत बेहद खराब रही और अंतराल पर 56 के स्कोर पर अपने पांच विकेट गंवा दिये थे। इस दौरान हेमंत रेड्डी ने 53 गेंदों में सात छक्के और 11 चौकों की मदद से 109 रनों की नाबाद पारी खेली।

# ग्रीन आईपीएल नीलामी में गेंदबाज के रूप में होंगे शामिल

**मैनेजर ने भरा बल्लेबाज कॉलम**



सिडनी 14 दिसंबर ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन ने मंगलवार को होने वाली नीलामी में स्वयं को ऑलराउंडर की जगह बल्लेबाज के रूप में सूचीबद्ध किए जाने को अपने मैनेजर की 'त्रुटि' बताते हुए कहा कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में गेंदबाजी के लिए उपलब्ध रहेंगे।

ग्रीन ने दो करोड़ रूपये के बेस प्राइस के साथ नीलामी में नाम दर्ज कराया है और बल्लेबाज के रूप में पंजीकरण कराने के कारण वह नीलामी में आने वाले पहले छह खिलाड़ियों में शामिल होंगे।

26 वर्षीय ग्रीन पहले मुंबई इंडियंस (2023) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (2024) के लिए खेल चुके हैं, लेकिन पीठ की सर्जरी से उबरने के कारण वह 2025 सीजन में उपलब्ध नहीं थे।

उन्होंने जून में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में वापसी की थी, लेकिन बाद में उन्हें गेंदबाजी की मंजूरी मिल गई और मौजूदा ऐशेज में ऑस्ट्रेलिया ने उन्हें ऑलराउंडर के रूप में इस्तेमाल किया है। उन्होंने पुष्टि की कि वह नीलामी पर नजर रखेंगे, जो तीसरे टेस्ट से एक रात पहले होगी। उन्होंने कहा कि वह यह देखने को लेकर उत्सुक हैं कि उनके नए साथी खिलाड़ी कौन होंगे। उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि मैं कुछ और खिलाड़ियों के साथ इसे देखूंगा।

> ग्रीन ने बताया कि उनके मैनेजर ने पंजीकरण फॉर्म भरते समय 'त्रुटि से गलत बॉक्स चुन लिया' था। उन्होंने कहा, मैं गेंदबाजी के लिए पूरी तरह तैयार रहूंगा। मुझे नहीं पता कि मेरे मैनेजर को यह सुनकर अच्छा लगेगा या नहीं, लेकिन यह उनकी तरफ से हुई एक गलती थी। उनका इरादा 'बल्लेबाज' लिखने का नहीं था। शायद उन्होंने त्रुटि से गलत बॉक्स का चयन कर लिया। यह सब जिस तरह से सामने आया, वह काफी मजेदार था, लेकिन असल में यह उनकी तरफ से हुई गड़बड़ी थी।

## सिडनी के बॉन्डी बीच पर फायरिंग

**सिडनी 14 दिसम्बर..** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित बॉन्डी बीच पर रविवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब दो हथियारबंद हमलावरों ने सामूहिक गोलीबारी शुरू कर दी। इस घटना में शूटर समेत 12 लोगों की मौत हो गई। फायरिंग के दौरान इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर माइकल वॉन भी एक रेस्त्रां में फंस गए थे, हालांकि बाद में उन्होंने खुद को सुरक्षित बताया। यह हमला उस समय हुआ, जब सैकड़ों लोग यहूदी त्योहार हनुक्का मनाने के लिए बॉन्डी बीच पर मौजूद थे।

# असम राइफल्स हाफ मैराथन में 3,038 ने हिस्सा लिया

▸ **पांचवें संस्करण में पुलिस, आम नागरिक, सशस्त्र बलों ने हिस्सा लिया**

**लैटकोर, 14 दिसंबर** मेघालय में डायरेक्टोरेट जनरल असम राइफल्स के मुख्यालय पर रविवार को 'फिट इंडिया मूवमेंट' को बढ़ावा देने के लिए 'असम राइफल्स हाफ मैराथन 2025' के पांचवें संस्करण में आम नागरिकों से लेकर सशस्त्र बलों और पुलिस कर्मियों ने हिस्सा लिया।

प्रतिभागियों को उनके प्रयासों की पहचान के रूप में पदक और सर्टिफिकेट के साथ-साथ यादगार टी-शर्ट भी दी गई। तीन श्रेणी में आयोजित हुई इस हाफ मैराथन में 26 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के सभी उम्र वर्ग के तीन हजार से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। 21 किमी की क्लाउड चेज, 10 किमी का पाइन पाथ और पांच किमी का क्रिस्टल स्ट्रीम का आयोजन हुआ। 21 किमी हाफ मैराथन में 559, 10 किमी दौड़ में 1,502 और 5 किमी दौड़ में 977 धावक शामिल हुए।







# नीदरलैंड्स ने जीता एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप

## अर्जेंटीना को फाइनल में 2-1 से हराया

**सैंटियागो (चिली), 14 दिसंबर (वार्ता)।** नीदरलैंड्स ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए फाइनल मुकाबले में अर्जेंटीना को 2-1 से हराकर एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप का खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ डच टीम ने न केवल रिकॉर्ड छठी बार विश्व कप जीता, बल्कि 2022, 2023 और 2025 में लगातार तीसरी बार चैंपियन बनने का ऐतिहासिक कारनामा भी कर दिखाया।

▸ **डच टीम ने छठी बार ट्रॉफी पर कब्जा जमाया**

▸ **अर्जेंटीना ने दबाव बनाया पर डच टीम ने दूर रखा**

एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप के फाइनल मुकाबले में नीदरलैंड्स ने अनुभव, अनुशासन और रणनीतिक मजबूती का शानदार प्रदर्शन करते हुए मेजबान समर्थकों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। खचाखच भरे स्टेडियम में खेले गए इस हाई-वोल्टेज मुकाबले में अर्जेंटीना ने लगातार दबाव बनाया, लेकिन डच टीम की मजबूत रक्षापंक्ति और सटीक फिनिशिंग ने उन्हें जीत से दूर रखा।

> मैच की शुरुआत से ही नीदरलैंड्स ने आक्रामक रुख अपनाया और पहले हाफ में खेल पर पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा। डच खिलाड़ियों ने तेज पासिंग, बेहतर पोजिशनिंग और अनुशासित डिफेंस के दम पर अर्जेंटीना की आक्रमण पंक्तियों को खुलने का मौका नहीं दिया।

**दीप्ति शर्मा बोलीं** ▸ **'बियांड द बैज' पॉडकास्ट में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर व यूपी पुलिस की डीएसपी दीप्ति शर्मा ने खेल, संघर्ष और पुलिस सेवा के अनुभव साझा किए**

# यूपी खिलाड़ियों को प्रोत्साहन, रोजगार, भविष्य की सुरक्षा का भरोसा देती है

**लखनऊ, 14 दिसंबर ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा खिलाड़ियों को दिए जा रहे प्रोत्साहन, रोजगार और सुविधाएं न केवल उनके प्रदर्शन को बेहतर बना रही हैं, बल्कि उन्हें भविष्य की सुरक्षा का भी भरोसा दे रही हैं।

यह बात अंतराष्ट्रीय महिला क्रिकेटर, विश्व कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार खिलाड़ी और उत्तर प्रदेश पुलिस में डीएसपी दीप्ति शर्मा ने कही। वह जनवरी 2025 में शुरू किए गए उत्तर प्रदेश पुलिस के आधिकारिक पॉडकास्ट बियांड द बैज के 17वें एपिसोड में बतौर विशेष अतिथि शामिल हुईं। उत्तर प्रदेश पुलिस की उपलब्धियों, मानवीय पक्ष और समाज के प्रति उसके योगदान को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू किए गए पॉडकास्ट बियांड द बैज का 17वां एपिसोड खेल और सेवा के अद्भुत संगम का साक्षी बना। इस एपिसोड में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की प्रमुख खिलाड़ी और यूपी पुलिस में पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) दीप्ति शर्मा ने अपने जीवन, संघर्ष, सफलता और सेवा से जुड़े अनुभवों को खुलकर साझा किया।



इस विशेष एपिसोड की मेजबानी प्राची सिंह, आईपीएस, कमांडेंट 32वीं वाहिनी पीएसी ने की। संवाद के दौरान दीप्ति शर्मा ने न केवल अपने क्रिकेट करियर के अहम पड़ावों पर बात की, बल्कि यह भी बताया कि कैसे खेल से मिला अनुशासन और आत्मविश्वास पुलिस सेवा में उनकी भूमिका को और मजबूत बनाता है। दीप्ति शर्मा ने वर्ष 2014 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण को अपने जीवन का टर्निंग पॉइंट बताया। उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ बनाए गए 188 रनों के ऐतिहासिक स्कोर को याद करते हुए कहा कि वह पारी आज भी उन्हें आत्मविश्वास से भर देती है। हाल ही में आईसीसी महिला विश्व कप में भारतीय टीम की जीत को उन्होंने अपने करियर के सबसे गौरवपूर्ण क्षणों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि यह विश्व कप जीत देश की युवा खिलाड़ियों, खासकर बालिकाओं के लिए एक मजबूत संदेश है कि अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदार हो, तो कोई भी सपना अधूरा नहीं रहता।

**ब्लू जर्सी और खाकी वर्दी दोनों की गरिमा अलग है**

पुलिस सेवा और खेल के बीच संतुलन को लेकर दीप्ति शर्मा ने कहा कि ब्लू जर्सी और खाकी वर्दी—दोनों का अपना अलग सम्मान और जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि खेल से मिले अनुशासन, फिटनेस, टीमवर्क और मानसिक मजबूती ने उन्हें पुलिस प्रशिक्षण और सेवा में काफी मदद की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उनके लिए कहे गए 卐मैदान में आपकी दादागिरी चलती है卐 वाले बयान का जिक्र करते हुए दीप्ति शर्मा ने मुस्कुराते हुए कहा कि यह दादागिरी नहीं, बल्कि खेल के प्रति उनका फोकस और समर्पण है। उन्होंने कहा कि मैदान पर उनका सख्त और आक्रामक अंदाज सिर्फ खेल तक सीमित है, जबकि मैदान के बाहर वह एक सामान्य, सहज और मिलनसार इंसान हैं। उन्होंने यह भी बताया कि व्यस्त खेल और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बावजूद परिवार के साथ समय बिताना उनके लिए मानसिक सुकून का सबसे बड़ा जरिया है। परिवार का साथ ही उन्हें हर चुनौती का सामना करने की ताकत देता है। युवाओं, खासकर खेल में करियर बनाने की इच्छुक बालिकाओं के लिए संदेश देते हुए दीप्ति शर्मा ने कहा कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बिना सफलता संभव नहीं है।